**प्रसार भारती**
**आकाशवाणी शिमला**
**23.11.2024/प्रादेशिक समाचार/19.45 बजे**

## ''आज के मुख्य समाचार''

- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने किया विद्यार्थियों से खुशहाल और समृद्ध भविष्य के लिए जोखिम उठाने का आह्वान।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–राज्य के सभी कॉलेजों की रैंकिंग करेगी प्रदेश सरकार।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने महाराष्ट्र में महायुति की जीत को बताया विकास, सुशासन और सशक्त नेतृत्व की जीत।
- प्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों में मौसम ने बदली करवट–ताजा हिमपात से तापमान में जोरदार गिरावट।

## समाचार विस्तार से.............

### राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने विद्यार्थियों का आह्वान किया है कि वे जोखिम उठाएं और यही कदम उन्हें समृद्धि और खुशहाली की ओर ले जाएगा। राज्यपाल आज हमीरपुर स्थित हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय के पांचवें दीक्षांत समारोह के मौके पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि दीक्षांत समारोह विद्यार्थियों के जीवन में एक शुरूआती बिंदु है। राज्यपाल ने विद्यार्थियों से समाज के कल्याण के लिए कार्य करने और एक अच्छा इंसान बनने का आह्वान किया। उन्होंने ये भी कहा कि समाज सेवा की अहमियत को समझते हुए विद्यार्थियों को राष्ट्र निर्माण और स्वयं के निर्माण के लिए पूरी तरह सक्रिय रहना चाहिए। राज्यपाल ने इस मौके पर दो सौ 59 डिग्रियां और एक सौ गोल्ड मेडल प्रदान किए।

### सुक्खू

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार राज्य के सभी एक सौ 38 कॉलेजों की रैंकिंग करेगी। इसके लिए रैंकिंग का फार्मूला तैयार किया जा रहा है मुख्यमंत्री आज सेंटर ऑफ एक्सीलैंस राजकीय डिग्री कॉलेज संजौली में पूर्व छात्र एसोसिएशन के एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कॉलेज में अगले दो वर्ष में आर्टस ब्लॉक, गर्ल्स हॉस्टल और पार्किंग तैयार करने तथा पूर्व छात्र एसोसिएशन को 50 लाख रूपए देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार के कार्यकाल के दो वर्ष पूरे होने वाले हैं और इस अवधि में सरकार ने कई सुधारात्मक कदम उठाए है जिनके सकारात्मक परिणाम आने वाले समय में सामने आएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार कॉलेजों और अन्य सरकारी शिक्षण संस्थानों में सुविधाओं को सुदृढ़ करना चाहती है। उन्होंने कहा कि

सरकार विद्यार्थियों को गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने पर जोर दे रही है और इस कार्य में पैसे की कमी आड़े नहीं आएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगले बजट में शिक्षा क्षेत्र पर विशेष जोर होगा।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आरोप लगाया है कि भाजपा प्रदेश में जनबल से चुनी हुई सरकार को गिराने में लगी है लेकिन उसे कामयाबी नहीं मिलेगी। उन्होंने शिमला में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि भाजपा निजी आक्षेप लगाकर उनकी छवि खराब करने में लगी है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा गुटों में बंटी हुए पार्टी है और वह आज प्रदेश के विकास की कोई बात नहीं कर रही है। मुख्यमंत्री ने आज आए चुनावी नतिजों पर कहा कि प्रियंका गांधी की सक्रिय राजनीति में एंट्री से कांग्रेस को मजबूती मिलेगी।

**मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। मासिक रेडियो कार्यक्रम की यह 116वीं कड़ी होगी। मन की बात कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन. ए.आई.आर. मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना व प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा।

**जगत नेगी**

बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि सिरमौर जिला के बागथन स्थित फल संतती व प्रदर्शन उद्यान केंद्र को फिर से विकसित करने के लिए यहां मित्र कीट बायो लैब स्थापित की जाएगी। जगत सिंह नेगी आज इस उद्यान केंद्र का दौरा करने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने इस दौरान उद्यान केंद्र का जायजा लिया और विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस उद्यान केंद्र में उन्नत किस्मों के आड़ू, नाशपाती, प्लम, नेक्टराइन, अमरूद और किवी की हाई डेंसिटी प्लांटेशन की जाएगी। जगत सिंह नेगी ने शिमला के रझाणा स्थित लैब को बागथन में स्थानांतरित करने की भी घोषणा की। उन्होंने इस केंद्र में जलवायु अनुकूल पौधे रोपित करने के भी आदेश दिए।

## विक्रमादित्य सिंह

लोकनिर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि प्रदेश सरकार राज्य के हर व्यक्ति को हर रोज 70 लीटर पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए वचनबद्ध है। इसके लिए पूरे राज्य में नई पेयजल योजनाओं का निर्माण और पुरानी पेयजल योजनाओं का संवर्धन किया जा रहा है। विक्रमादित्य सिंह आज शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र की चलाहल पंचायत के सैंज खड्ड में नवनिर्मित बसंतपुर–कहलवी–नडूखर–घराटनाल पेयजल योजना के शुभारंभ के मौके पर लोगों को संबोधित कर रहे थे।

## जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि महाराष्ट्र में एनडीए के महायुति गठबंधन की जीत विकास, सुशासन और सशक्त नेतृत्व के भरोसे की जीत है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र की जनता ने कांग्रेस को पूरी तरह से नकार दिया है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर भरोसा जताते हुए महायुति को सत्ता सौंपी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्ग दर्शन में महाराष्ट्र समग्र विकास के रास्ते पर आगे बढ़ेगा और जनता की आकांक्षाओं को पूरा करेगा। जयराम ठाकुर ने ये भी कहा कि जिस प्रकार से जनता ने नरेंद्र मोदी की गांरटी पर भरोसा जताय है, इससे स्पष्ट है कि जनता अब कांग्रेस की जात–पात, क्षेत्रवाद और खटा–खट की झूठी गारंटियों पर विश्वास नहीं करती।

## रक्तदान शिविर

न्यू–शिमला स्थित साईं ईटरनल फाउंडेशन द्वारा सत्य श्री साईं के जन्मदिन के अवसर पर आज एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 65 लोगों ने रक्तदान किया। ये रक्त आईजीएमसी शिमला के ब्लड बैंक को सौंपा गया। इस अवसर पर भजन कीर्तन का आयोजन भी किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

## ज्ञान विज्ञान

हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति ने आज 34वां स्थापन दिवस मनाया। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में समिति ने 80 वर्ष से अधिक उम्र के अपने वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को ज्ञान विज्ञान सम्मान देकर सम्मानित किया। समिति ने समाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए मंडी साक्षरता व जनविकास समिति को भी सम्मानित किया। इस मौके पर समिति के प्रदेश सचिव सत्यवान पुंड़ीर ने कहा कि ज्ञान विज्ञान समिति अपनी समृद्ध विरासत और सामूहिक कार्यशैली के कारण सबसे अलग है।

**कर्मचारी**

घाटे में चल रहे राज्य पर्यटन विकास निगम के होटलों को हाई कोर्ट द्वारा बंद करने के आदेश पर पर्यटन विकास निगम के कर्मचारियों ने प्रदेश सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। पर्यटन विकास निगम कर्मचारी संघ ने आज शिमला में एक पत्रकार वार्ता में आरोप लगाया कि हाई कोर्ट में पर्यटन विकास निगम ने जानबूझ कर 18 होटलों को घाटे में दर्शाया जबकि हकीकत में ये होटल घाटे में नहीं है। संघ के महासचिव राजकुमार शर्मा और भारतीय मजदूर व पर्यटन विकास निगम कर्मचारी संघ के कर्मचारी डाबे राम चौहान ने दावा किया की पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष आर.एस.बाली पहले दिन से ही निगम के होटलों को नीजि हाथों में देने की फिराक में थे। इस लिए उन्होंने निगम की स्थिति को सुधारने की दिशा में कोई काम नहीं किया। कर्मचारी नेताओं ने इस मुद्दे पर आर.एस. बाली के इस्तीफे की मांग की और कहा कि निगम का जिम्मा मुख्यमंत्री खुद संभाले।

**एन.सी.सी.**

एन.सी.सी महानिदेशालय द्वारा एन.सी.सी ग्रुप मुख्यालय के तहत एक रॉक क्लाइम्बिंग कैंप का आयोजन किया गया। एन.सी.सी के एक प्रवक्ता ने शिमला में कहा कि इस कैंप का उद्देश्य आउटडोर मनोरंजन, टीम वर्क, व्यक्तिगत विकास, उत्तरजीविता कौशल को बढ़ावा देना और प्राकृतिक आपदाओं के दौरान एन.सी.सी. कैडेटों को राष्ट्रीय संपदा के रूप में विकसित करना था। इस कैंप में पंजाब, हरियाणा, हिमाचल और चंडीगढ़ से 90 कैडेटों ने हिस्सा लिया।

**मौसम**

प्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों में मौसम ने करवट बदली है। जनजातीय जिला लाहौल स्पीति में आज दोपहर बाद से बर्फबारी हो रही है। अटल टनल रोहतांग सहित आस–पास के इलाकों में आज इस मौसम का पहला हितपात हुआ। लाहौल घाटी में ताजा बर्फबारी से तापमान में जोरदार गिरावट आई है और ठंड का प्रकोप बढ़ गया है। चंबा जिला के जनजातीय क्षेत्र पांगी और भरमौर की ऊंची चोटियों पर भी आज हिमपात हो रहा है। मौसम में आए इस बदलाव से प्रदेश में ठंड ने जोर पकड़ लिया है हालांकि राज्य के निचले क्षेत्रों में लोगों को अभी भी वर्षा का बेसब्री से इंतजार है। प्रदेश में बीते 53 दिनों से वर्षा नहीं हुई है। इस कारण राज्य में कृषि व बागवानी गतिविधियां बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। राज्य के निचले क्षेत्रों में लोगों को घने कोहरे का भी सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग ने 24 नवम्बर को भी राज्य के अधिक ऊंचाई वाले कुछ स्थानों पर हिमपात की संभावना जताई है जबकि निचले क्षेत्रों में धुंध का प्रकोप बना रहेगा।

## मुख्य समाचार एक बार फिर'

- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने किया विद्यार्थियों से खुशहाल और समृद्ध भविष्य के लिए जोखिम उठाने का आह्वान।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–राज्य के सभी कॉलेजों की रैंकिंग करेगी प्रदेश सरकार।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने महाराष्ट्र में महायुति की जीत को बताया विकास, सुशासन और सशक्त नेतृत्व की जीत।
- प्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों में मौसम ने बदली करवट–ताजा हिमपात से तापमान में जोरदार गिरावट।